तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 14 मई 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 भानबेड़ा अस्पताल में अव्यवस्था से ग्रामीणों ...



14 अस्पताल के मातृ व शिशु रोग विभाग में मनाया ...



## खबर संक्षेप

### आदिवासी कन्या आश्रम का परिणाम शत प्रतिशत

**कांकेर।** आदर्श बालिका आश्रम सिंगारभाट प्रदेश का एकमात्र विद्यालय है, जहां हाई स्कूल तक कक्षाएं संचालित है। प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने यहां के बच्चो की उपलब्धियों से प्रभावित होकर इसका उन्नयन किया था। यह विद्यालय अपने नाम के अनुरूप ही लगातार अपना परिचय स्थापित कर रहा है। विगत 12 वर्षो से हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। प्रभारी प्राचार्य पतिराम मंडावी से मिली जानकारी के अनुसार प्रथम और द्वितीय क्षेणी में वर्ष 2024 में कुल 37 विद्यार्थी थे, जिनमे 28 प्रथम श्रेणी और 9 द्वितीय क्षेणी में उत्तीर्ण हुए। इस परिणाम को लाने के लिए वरिष्ठ व्याख्याता मृदुला जोफर, काकोली देवनाथ, विद्या ठाकुर, उर्मिला कावड़े, अन्नपूर्णा साहू, हेमलता देहारी का विशेष योगदान रहा।

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा थानांतर्गत कोयलीबेड़ा निवासी 20 वर्षीय शांतिलाल गावड़े पिता मनेसिंह का ईलाज के दौरान 26 मार्च को दोपहर डेढ़ बजें जिला मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक का उदनपुर के पास एक्सीडेंट हो गया था, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवती ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, जांच जारी

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पखांजुर निवासी 23 वर्षीय पल्लवी पिता स्व. द्वारिका ने 12 मई को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतिका ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणो का अभी पता नही चल पाया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## परिणाम : छात्रों ने बताया कि प्रश्न पत्र कठिन होने के कारण इस बार प्रतिशत घटा

# सीबीएसई 10वीं-12वीं का रिजल्ट आउट केवी व नवोदय के नतीजे शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- प्राइवेट स्कूल जेपी व सेंट माइकल का परिणाम भी बेहतर
- सीबीएसई के पैटर्न में बदलाव के कारण ही छात्रों का प्रतिशत घटा

जिले में दो सरकारी व तीन प्राइवेट स्कूल में सीबीएसई बोर्ड के छात्रों का परिणाम घोषित हुआ। बारहवीं में इस बार साईंस ग्रुप में प्रतिशत 92 से नीचे रहा, उसका सबसे बड़ा कारण यह रहा कि इस बार प्रश्न पत्र कठिन होने के कारण प्रतिशत घटा।

जानकारी के अनुसार जिले में सीबीएसई बोर्ड संचालित दो स्कूल केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय करप का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इन दोनो विद्यालयों में साईंस ग्रुप में बायो और मैथ्स के अलावा आर्ट्स ग्रुप के बच्चे शामिल हुए थे वहीं प्राइवेट दो संस्थानों से जेपी इंटरनेशनल स्कूल और सेंट माईकल हायर सेकेंड्री स्कूल से मिली जानकारी के तहत में साईंस ग्रुप में बायो और मैथ्स के अलावा कॉमर्स ग्रुप के छात्र शामिल हुए थे। इन दोनो विद्यालयों के प्रबंधन का कहना है कि परिणाम इस बार ठीक रहा। सीबीएसई ने इस बार परीक्षा के पैटर्न में बदलाव के साथ-साथ कठिन पेपर आने के कारण ही छात्रों का प्रतिशत घटा है, यह प्रतिशत पूरे देश में इसी तरह का रहा है। गणित में 100 में से 100 नंबर लाने वाले एक छात्र इस बार नहीं मिले। साईंस ग्रुप में गणित, भौतिकी और रसायन शास्त्र का प्रश्न पत्र कठिन होने के कारण प्रतिशत इस बार प्रभावित हुआ है।

### नवोदय विद्यालय के सभी छात्र उत्तीर्ण





नवोदय विद्यालय करप में 12 वीं की परीक्षा में 83 छात्र शामिल हुए, जिसमें सभी छात्र उत्तीर्ण हुए। 12 वीं के 44 छात्र साईंस स्ट्रीम और आर्ट्स में 39 छात्र थे। साईंस स्ट्रीम में 22 छात्र बायो ग्रुप के और 17 छात्र गणित ग्रुप के थे। विद्यालय में प्रथम स्थान पर आने वाली छात्र साईंस ग्रुप से स्नेहा व्यापारी 91.60, हिमांशी रंगारे 90.80 औ मधुसूदन सरकार 89.60 प्रतिशत रहा । आर्ट्स ग्रुप में यशस्वी राणा का 91.80 प्रतिशत और अनूप मरकार का 87.40 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में 78 छात्र शामिल हुए, जिसमें 78 पास हुए। प्रथम दो छात्रों में लक्ष्य डडसेना 92.67 और प्रीतम विश्ववास 92.17 प्रतिशत रहा।

### सेंट माइकल में कामर्स की छात्रों ने मारी बाजी





सेंट माईकल हायर सेकेंड्री का 12 वीं का परिणाम घोषित हुआ। 12 वीं में 82 छात्र शामिल हुए, जिसमें विज्ञान स्ट्रीम में 54 छात्र और कॉमर्स स्ट्रीम में 28 छात्र थे। 82 छात्रों में से 62 पास हुए, 16 को कंपार्टमेट और 4 छात्र फेल हुए। इसके अलावा 38 छात्र प्रथम स्थान पर, 21 छात्र द्वितीय स्थान पर और 07 छात्र तृतीय स्थान पर रहे। कॉमर्स ग्रुप में प्रथम तीन छात्रों में अकांक्षा रवानी 95.80 प्रतिशत, तनवीर कौर कनुजा 89.80 प्रतिशत और प्रथम वल्यानी 89.60 प्रतिशत, साईसं ग्रुप में प्रथम तीन छात्रों में नीदा फातिमा 83.20 प्रतिशत, भूमिका कोड़ोपी 81.40 प्रतिशत, सुरभि सिन्हा 82.40 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में 85 छात्र शामिल हुए, जिसमें 73 पास हुए, 12 को कंपार्टमेट आया। इसमें 32 प्रथम श्रेणी, 19 द्वितीय श्रेणी और 21 तृतीय श्रेणी पास हुए। प्रथम तीन छात्रों में तनमय यादव 91, समीक्षा मिश्रा 87.40 और प्रनमय जादो 83.40 प्रतिशत रहा।

### केंद्रीय विद्यालय के भी सभी छात्र पास





केंद्रीय विद्यालय में 12 वीं की परीक्षा में 34 छात्र शामिल हुए, जिसमें सभी छात्र उत्तीर्ण हुए। 12 वीं के 34 छात्रों में साईंस स्ट्रीम में 27 और आर्ट्स में 07 छात्र थे। साईंस स्ट्रीम में 19 छात्र बायो ग्रुप के और 08 छात्र गणित ग्रुप के थे। विद्यालय में प्रथम स्थान पर आने वाली छात्र बायो ग्रुप से स्नेहा गंजीर को 95 प्रतिशत अंक मिला वहीं आर्ट्स ग्रुप में सानिया को 75.4 प्रतिशत अंक मिला। कक्षा दसवीं में 49 छात्र शामिल हुए, जिसमें 49 पास हुए। प्रथम तीन छात्रों में दीक्षा नेवला 90.2, अंशिका कनवार 88.80 और उत्तम श्रीवास्तव 89 प्रतिशत रहा।

### जेपी स्कूल में साईंस के छात्रों ने मारी बाजी






जेपी इंटरनेशनल हायरसेकेंड्री स्कूल का 12 वीं का परिणाम घोषित हुआ। बारहवीं में 68 छात्र शामिल हुए, जिसमें विज्ञान स्ट्रीम में 48 और कॉमर्स स्ट्रीम में 20 छात्र थे। 68 छात्रों में से 53 छात्र प्रथम श्रेणी, 10 छात्र द्वितीय श्रेणी, 4 को कंपार्टमेट और 1 छात्र फेल हुआ। 12 वीं में विज्ञान स्ट्रीम में 48 छात्र थे, जिसमें 47 छात्र उत्तीर्ण हुए, जिसमें 43 प्रथम श्रेणी और 04 द्वितीय श्रेणी और 1 छात्र का कंपार्टमेंट आया वहीं कॉमर्स स्ट्रीम में 20 छात्र थे, जिसमें 12 छात्र उत्तीर्ण, 3 कंपार्टमेट और 1 छात्र फेल हुआ है। साईंस स्ट्रीम में प्रथम तीन छात्रों में पायल साहू 91 प्रतिशत, सिद्धि साहू 90.08 प्रतिशत और मयंक नायर 90.20 प्रतिशत रहा वहीं कॉमर्स स्ट्रीम में यश चोपड़ा 92.60 प्रतिशत, अदिति अग्रवाल 88.20 प्रतिशत और नीरज पटेल 87 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में 80 छात्र शामिल हुए, जिसमें 78 पास हुए, 02 को कंपार्टमेट आया। इसमें 65 प्रथम श्रेणी, 13 द्वितीय श्रेणी पास हुए। प्रथम तीन छात्रों में पीयूष शोरी 92, सार्थक राजपूत 91 और मरिया मेमन 90 प्रतिशत रहा।

### सेंट माइकल में कामर्स के छात्रों ने मारी बाजी

पैराडाईज हायर सेकंड्री का 12 वीं का परिणाम घोषित हुआ। 12 वीं में 39 छात्र शामिल हुए, जिसमें 19 छात्र पास हुए, 11 को कंपार्टमेट और 7 छात्र फेल हुए। विद्यालय में प्रथम जैना बानो 79, द्वितीय आकांक्षा कोड़ोपी 76 और पुष्पांजलि साहू 75 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में 45 छात्र शामिल हुए, जिसमें34 पास हुए, 11 को कंपार्टमेट आया। प्रथम तीन छात्रों में चेष्टा नेताम 81 प्रतिशत, हिमांशु सिंन्हा 80, रेश्मा 72 प्रतिशत रहा।

## माजदा की टक्कर से बाइक सवार घायल, 108 वाहन की मदद मिली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

दुर्गुकोंदल थानांतर्गत ग्राम डांगरा के पास माजदा वाहन ने बाईक सवार को सामने से जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे बाईक सवार जमीन पर गिर गया और उसे चोटे आई। घायल को 108 वाहन की मदद से दुर्गुकोंदल अस्पताल पहुंचाया गया। एक्सीडेंट की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

थाना में शिकायत करने पहुंची दुर्गुकोंदल निवासी 37 वर्षीय पार्वती शोरी पति कन्हैया लाल शोरी ने पुलिस को बताया कि 13 मई को सुबह करीबन साढ़े 10 बजे कन्हारगांव निवासी रामदेव आंचला पिता सेवकराम आंचला मेरे पास फोन करके बताया कि मैं अपने मोटर सायकल वाहन क्रंमाक सीजी 19 बीएम 8637 में सवार होकर भानुप्रतापपुर-सम्बलपुर से दुर्गुकोंदल आ रहा था। ग्राम डांगरा मोड़ के पास पहुंचा था कि विपरीत दिशा सम्बलपुर की ओर से आ रही एक सफेद रंग के माजदा 407 वाहन क्रंमाक सीजी 19 बीएस 3995 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक वाहन को चलाकर सामने से मेरे मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे दाहिने पैर, दाहिने हाथ में चोंट लगा हैं व खून निकल रहा हैं। घटना के बारे में अपने परिचित को बताया और डांगरा मोड़ के पास में रामदेव आंचला के पास भेजी। उसके बाद मैं तत्काल दुर्गुकोंदल अस्पताल पहुंची। कुछ देर बाद 108 वाहन से रामदेव आंचला को ईलाज के लिए अस्पताल लाए। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## दो बाइक की भिड़ंत, दो घायल, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत ग्राम भुस्की मोड़ के पास दो बाईक आमने सामने से भिड़ गई। बाईक में सवार दो लोगो को चोट आया है, जिन्हे ईलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद आरोपी वाहन का चालक मौके से फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे दोड़दे निवासी 21 वर्षीय दिलीप कुमार कोमरा पिता शिवलाल कोमरा ने पुलिस को



बताया कि 13 मई को सुबह करीबन 9 बजे मेरे छोटे भाई दोड़दे निवासी 18 वर्षीय गंगाराम कोमरा पिता शिवलाल कोमरा अपने मोटर सायकल क्रंमाक सीजी 19 बीएन 7270 में सवार होकर दादा रैजूराम कोमरा पिता पहाड़ सिंह कोमरा को पीछे बैठाकर दोड़दे से पखांजुर जा रहे थे। ग्राम भुस्की मोड़ के पास पहुंचा था कि विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से भाई के कमर, बांए पैर में चोंट लगा हैं तथा दादा रैजूराम कोमरा के ▶▶| शेष पेज 12 पर

## किसान तरक्की के लिए किए कार्यों की जानी हकीकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

- लाइवलीहुड फाउंडेशन बोर्ड के सदस्य ने किसानों से किया संवाद
- प्रोजेक्ट पर की चर्चा, किसानों के जीवन में पड़े प्रभावों को विस्तार से जाना



सहभागी समाज सेवी संस्था के माध्यम से चल रहे हाई इम्पैक्ट मेगा वाटरशेड प्रोजेक्ट का निरीक्षण भारत रूरल लाइवलीहुड फाउंडेशन बोर्ड के सदस्य डॉ. एमए कलाम ने किया। संस्था के द्वारा किए जा रहे अन्य कार्यो का भी जायजा लिया। भारत रूरल लाइवलीहुड फाउंडेशन के बोर्ड के सदस्य ग्राम रतेडीही के किसानों के साथ मीटिग कर वाटरशेड कार्यो की प्लानिंग, प्रोसेस प्रगति और आपेक्षित प्रभावों के बारे मे चर्चा किया गया प्रोजेक्ट के कार्यों के द्वारा किसानो की जीवन मे पड़े प्रभावों को विस्तार से जाना। ग्रामीण दीदियों के द्वारा गाँव की सम्पूर्ण जानकारी नक़्शे के माध्यम से बताया और उन्हें आय में बढ़ोत्तरी के लिए सलाह भी दिए, इसके पश्चात ग्राम चाँवडी स्थित प्रशिक्षण संस्थान का भ्रमण किया और लाख की खेती के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बीआरएलएफ के छत्तीसगढ़ के स्टेट कोआर्डिनेटर अरविन्द एवं प्रदान संस्था से नलिनी कांत की उपस्थिति में क्षेत्र का निरीक्षण किया गया, इसके पश्चात संस्था के ऑफिस मे पीपीटी के माध्यम से संस्था के द्वारा किए जा रहे कार्यो को प्रस्तुत किया गया। संस्था के द्वारा किसानों को मिल रहे सहयोग के बारे में विस्तार से बताया गया, जिसकी सराहना छत्तीसगढ़ के स्टेट कोआर्डिनेटर के द्वारा किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में सहभागी समाज सेवी संस्था के अध्यक्ष बसंत यादव, सचिव कलावती कश्यप, जितेन्द्र ▶▶| शेष पेज 12 पर







आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना
के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय कांकेर में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।
उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती (ग्राहक प्रति), साथ में लावें।
उपहार प्राप्त करनें का समय
शाम 4 से 6 बजे तक
स्थान : हरिभूमि जिला कार्यालय
माहुरबंद पारा, ऊपर नीचे रोड, कांकेर (छ.ग.)
मो. 9098324969

## खबर संक्षेप

### ग्रीष्मकालीन शिविर आज से विद्यार्थियों को देंगे प्रशिक्षण

**कोण्डागांव।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान छात्र–छात्राओं को समृद्ध और आकर्षक अनुभव प्रदान करने, कौशल विकास, शारीरिक गतिविधियां, रचनात्मक अभिव्यक्ति, शैक्षणिक संवर्धन, बाहरी रोमांच, सांस्कृतिक और वैश्विक जागरुकता, आत्मविश्वास और स्वतंत्रता का निर्माण स्व–कौशल विकसित करने के उद्देश्य से 14 मई से 20 मई तक जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जाएगा। ग्रीष्मकालीन शिविर में पीएम श्री योजना अंतर्गत संचालित पीएम श्री शालाओं का विद्यार्थी शामिल होंगे। शिविर का आयोजन शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं प्री मैट्रिक बालक छात्रवास कोण्डागांव में किया जाएगा। प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे से संध्या 5.30 बजे तक भाषण, वाद–विवाद, नाट्य–थिएटर ड्राईंग एवं पेंटिंग, क्लासिकल डांस, वेस्टर्न डांस, फोटोग्राफी–वीडियोग्राफी, ड्रोन बनाने की कार्यशाला, संगीत, सहित खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### एकलव्य आदर्श आवसीय विद्यालय, प्रवेश परीक्षा 18 को

**कोण्डागांव।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय माकड़ी में प्रवेश के लिए 18 मई को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माकड़ी में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। आदिवासी विकास विभाग की सहायक आयुक्त ने बताया कि परीक्षा का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक माकड़ी में किया जाएगा।

### कठौली हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

**सिर्री।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कठौली का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10 वीं में प्रथम साक्षी पिता घनाराम 82.66 प्रतिशत, द्वितीय पृथ्वीराज पिता हेमंत कुमार 82.16 प्रतिशत, तृतीय रागिनी पिता सूरजभान 79.33 प्रतिशत रहे। कक्षा 12 वीं में खिलेंद्र कुमार पिता रज्जू राम प्रथम 79.80 प्रतिशत, चंपेश्वरी पिता सोमन लाल द्वितीय 77.60 प्रतिशत, रानी पिता ध्रुव प्रहलाद 75.60 प्रतिशत के साथ तृतीय रहे। इस अवसर पर सरपंच कविता साहू, गौकरण साहू विधायक प्रतिनिधि, चेमन यादव सरपंच प्रतिनिधि मौरीकला ने सफल छात्रों का मुंह मीठा कराया। कृष्ण कुमार निषाद, हाईस्कूल के प्राचार्य सहित स्टाफ ने छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की है।

### नाचा गम्मत संघ के देवनारायण अध्यक्ष बने

**कोर्रा (भखारा)।** ग्राम भानपुरी में जिलास्तरीय नाचा गम्मत संघ की बैठक हुई। बैठक में जिले की 24 नाचा पार्टी के संचालक और मैनेजर शामिल हुए। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के अंतर्गत धमतरी जिला इकाई के पदाधिकारी मनोनीत किए गए। सर्वसम्मति से संरक्षक रिखीराम किरण भानपुरी, तुलसीराम साहू सारंगपुरी, थनवारराम साहू देवरी, सलाहकार कपिलराम साहू अछोटा, चैनुराम सेन अछोटा, बाबूलाल पटेल अछोटा व अध्यक्ष देवनारायण साहू भैंसमुंडी कुरुद उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद उइके कसावाही, सचिव ध्रुवकुमार साहू मोखा, सहसचिव उत्तम साहू गुजरा, कोषाध्यक्ष आत्माराम ध्रुवंशी कसही बनाए गए।

## पेज 11 के शेष

### दो बाइक की....

सिर, चेहरा, मुंह, दोनों पैर में चोट आया है। घायलो को 108 वाहन कि मदद से दुर्गुकोंदल अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### किसान तरक्की के ...

साहू, गरिमा कश्यप, लोकमान्य साहू , रिजाइना साहु, शालिनी नागराज, सचिन राजपुत, युवराज नागराज, पल्लवी साहू, कलावती दुग्गा, नवीन रजक, नरोत्तम सिन्हा, नोहरधर साहू, योगिता बढाई, सूर्या कुमार ध्रुव, पुष्पलता साहू, रवि कुमार, उमाकांत देवांगन, बुद्धदेव नायक और ग्राम के किसान आदि शामिल रहे।

# उत्कृष्ट सेवा के लिए स्काउट एंड गाइड के विद्यार्थी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल वारा 10वीं एवं 12 वीं के बोर्ड परीक्षाओं के नतीजे जारी किए गए। जिला स्तर पर विद्यार्थियों के अच्छे प्रदर्शन पर स्काउट एवं गाइड के बच्चों द्वारा 10 मई को जिला कार्यालय में शरबत का वितरण किया गया। जिला संगठन आयुक्त स्काउट भीषभ देव साहू ने बताया कि पदेन जिला संरक्षक एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार चैत्र नवरात्रि से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोण्डागांव द्वारा 9 अप्रैल से अक्षय तृतीया पर्व 10 मई तक एक माह के लिए जिले में तीन स्थानों पर प्याऊ घर खोले गए थे। तत्पश्चात सिंगनपुर एवं खालेमुरवेंड में दो स्थानों पर प्याऊ घर खोले गए। जिसमें से मालगांव, सिंगनपुर और खालेमुरवेंड में संचालित प्याऊ घर आज बंद कर दिए गए। इस अवसर पर जिला कार्यालय

### बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम हासिल करने विद्यार्थी व अभिभावकों को पिलाया शर्बत




#### ये रहे उपस्थित

इस दौरान डीएमसी महेंद्र पांडे, जिला सचिव चमन लाल सोरी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड नीलम श्रीवास्तव एवं रोवर स्काउट रविशंकर मंडावी, राहुल, तिलेश्वर भूआर्य, रितेश कुमार एवं रेंजर प्रियंका मंडावी, सोनम मरकाम उपस्थित रहे।

स्थित प्याऊ घर में शरबत वितरित किया गया। सेवारत रोवर – रेंजर ने 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम की जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त छात्र–छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का भी अभिवादन करते हुए उन्हें बधाई देते हुए शरबत पिलाया।

इस अवसर पर रोवर रेंजर को उनके सेवा कार्य के लिए जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक द्वारा प्याऊ घर स्थल पर पहुंचकर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही जिला कार्यालय कोण्डागांव एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय परिसर में संचालित प्याऊ घर को भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए प्याऊ घर का संचालन 31 मई तक किए जाने के लिये जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया । उन्होंने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोण्डागांव के इस प्रयास की सराहना करते हुए रोवर–रेंजर एवं स्काउटर–गाइडर के सेवा कार्य को अनूठी पहल बताया।

**बैठक :** विभागों द्वारा संचालित गतिविधियों की समीक्षा के दौरान दिए निर्देश

# आंधी - बारिश से प्रभावित परिवारों को पहुंचाएं त्वरित राहत : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सोमवार को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित गतिविधियों की समीक्षा की। जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित बैठक में गतिविधियों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने आंधी तूफान और बारिश से प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षति का तत्काल आंकलन करें और उचित राहत पहुंचाएं। जिन परिवारों के घर पूरी तरह उजड़ गए हैं, तत्काल सामुदायिक स्थानों पर उनके ठहरने की व्यवस्था करें। पात्रता अनुसार ऐसे परिवारों को आवास योजना का लाभ भी प्रदान करें। कलेक्टर ने इस दौरान नक्सल पीड़ित परिजनों की शासकीय सेवाओं में नियुक्ति के लिए भी त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे परिवारों के सदस्यों की शासकीय सेवाओं में नियुक्ति के लिए आवश्यक दस्तावेजों के संकलन का कार्य शीघ्रता से किया जाए। उन्होंने इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहित विभिन्न विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों की समीक्षा करने के साथ ही जनदर्शन, मावा कोंडानार, पीजीएन पोर्टल, विकसित भारत संकल्प यात्र के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की और त्वरित एवं समाधानकारक निराकरण करने के निर्देश दिए।

- भुगतान प्राप्त करने के उपरांत भी कार्य नहीं करने वाले ठेकेदार से करें ब्याज सहित वसूली



#### रोपे जाएंगे साढ़े तीन लाख मुनगा के पौधे

कलेक्टर ने एनीमिया मुक्त अभियान के साथ ही कुपोषण मुक्त अभियान में सफलता प्राप्त करने के लिए जिले में मुनगा के पौधों के अधिक से अधिक रोपण पर जोर दिया। उन्होंने आगामी मानसून के दौरान सभी आंगनबाड़ी, विद्यालय, स्वास्थ्य केन्द्र के साथ ही ग्रामीणों के घर में मुनगा के पौधों के रोपने के लिए तीन से साढ़े तीन लाख पौधों के रोपण की आवश्यकता बताते हुए उद्यानिकी विभाग को पौधे तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी दो माह के भीतर पौधरोपण की कार्यवाही पूरी की जाएगी। इसे देखते हुए पौधे तैयार करने का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए। उन्होंने इसके साथ ही वृक्षारोपण के लिए अन्य पौधों के तैयारियों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने माकड़ी विकासखण्ड के कांटागांव में नर्सरी हेतु चिन्हांकित भूमि का आबंटन उद्यानिकी विभाग को किए जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई में भी तेजी लाने के निर्देश दिए।

#### ओडारगांव सरपंच व ठेकेदार से वसूली के निर्देश

कलेक्टर ने आवास योजना के पात्र हितग्राही से ओडारगांव के सरपंच द्वारा घर बनाने का आश्वासन देकर राशि हड़पने की शिकायत पर सरपंच के विरुद्ध वसूली के साथ ही आवश्यक कानूनी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही फसरगांव के प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला परिसर में बाउंड्री वॉल बनाने के लिए राशि के आहरण के लंबे समय बाद भी कार्य नहीं किए जाने पर ठेकेदार से ब्याज सहित राशि वसूली करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इसके साथ ही वनों के अंधाधुंध दोहन पर अंकुश लगाने के निर्देश भी वन विभाग के अधिकारियों को दिए।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय उरांव सहित जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# असामाजिक तत्वों को रोकने लामनी पार्क के चारों ओर लगेगी फेसिंग




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर संभागीय मुख्यालय से लगभग 6 किमी दूर वन विभाग के लामनी पार्क के लगभग 7 किमी क्षेत्र को चारों ओर से असामाजिक तत्वों को रोकने के लिए फेसिंग लगाई जा ए गी , जिसके लिए हॉल ही में वन मंडलाधिकारी ने निरीक्षण किया। इसके अलावा पर्यटकों की सुविधा के लिए विभाग की ओर से सुधारने में जुटा हुआ है।

- पर्यटकों की सुविधा के लिए पार्क को सुधारने में जुटा वन विभाग

जानकारी के अनुसार पार्क के गेट की बजाय लामनी गांव की ओर से शाम होते ही असामाजिक तत्व घुस रहे हैं। इसके अलावा कुछ लोग घुस कर लकड़ियां भी ले जा रहे हैं। इस तरह से शनिवार एवं रविवार को एक दिन में लगभग 500 पर्यटक और सामान्य दिनों में 250-300 पर्यटक पार्कमें पहुंच रहे हैं। पर्यटक चिड़िया घर में जाकर पक्षियों को देख रहे हैं। पक्षियों के घरौंदा में अलग-अलग प्रजाति के पक्षियां रखी गई हैं। इसलिए दिन में असामाजिक तत्व नहीं घुस पाते, लेकिन शाम होने के बाद सूनसान क्षेत्र के असामाजिक तत्व घुस जा रहे हैं। साथ ही दिन में पार्क की साफ-सफाई स्व-सहायता समूह की महिलाएं रहती हैं।

#### प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा

वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि असामाजिक तत्वों को रोकने लामनी पार्क के चारों ओर फेसिंग करने के लिए प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेजा जाएगा। स्वीकृति होने के बाद फेसिंग की जाएगी।

# पीड़िया मुठभेड़ में मारे गए 2 को साथी और 10 को बताया ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बीजापुर जिले में 10 मई को पीड़िया के जंगलों में 12 घंटे तक चले मुठभेड़ के बाद जवानों ने 12 नक्सलियों को मार गिराने में सफलता हासिल की थी। घटनास्थल से हथियार समेत 12 शव भी बरामद किए गए थे। इस मुठभेड़ को लेकर सोमवार को नक्सलियों ने प्रेसनोट जारी किया है। प्रेसनोट में उन्होंने दो को अपना सदस्य तथा अन्य 10 लोगों को ग्रामीण बताया है और कार्रवाई की मांग की है।

नक्सलियों की पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी के सचिव मोहन ने जारी प्रेसनोट में बताया कि 9 मई 2024 को बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा जिला के डीआईजी कमलोचन कश्याप व एसपी के नेतृत्व में संयुक्त आपरेशन चलाया गया था। जिसमें डीआरजी, सीआरपीएफ, कोबरा के 1200 फोर्स ने तुमनार-पीड़िया-इतावर गांवों के उपर विदेशी सैनिकों की तरह तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गये जनता के उपर अंधाधुंध गोली बारी की गई। जिसमें टू इंच मोर्टार सेल और राकेट लांचर दागे गये। दोपहर 1 बजे इस घटना में पीड़िया गांव के धोबेनपारा के अवलाम सन्नू घुंघा, इंदाड़पारा ओयाम भीमाल, गुपागुड़ेम तामो दूला, लेकामपारा लेकाम सन्नू, इतावार की निर्दोष ग्रामीण कुंजाम लक्के, कुंजाम सुनिता, उण्डाम छोटू, ताती सुक्कू कुंजाम चैतू 6वीं कक्षा बासागुड़ा पोटाकेबिन में अध्ययनरत था। वहीं डोडी तुमनार का बाड़से जोगा अपने चाचा को पालन पोषण करने के लिए इतावार में रहता था। इस दौरान पुलिस 55 लोगों को पकड़कर अपने साथ ले गए थे। इस मुठभेड़ में हमारे पीएलजीए के सदस्य कामरेड पूनेम कल्लू, उईका बुधू बीमार के चलते सिविल ड्रेस में गांव में थे। इन निर्दोष आदिवासीयों की निर्मम तरीके से हत्या की है। कुंजाम लक्के, उण्डान छोटू को एरिया कमेटी, पीपीसी सदस्या बताया है जो कि सफेद झूठ है और वे इतावार गांव के निवासी हैं। तेंदूपत्ता तोड़ाई करने वाले जनता के उपर अंधाधुध फायरिंग कर 6 निर्दोष आदिवासी गंभीर रूप से घायल अवस्था में तड़प रहे हैं। सैकड़ों ग्रामीणों को घेराबंदी करके और उन्हें पकड़ कर 55 लोगों को कैंप में रख कर यातनाएं दी जा रही हैं। वहीं कुछ लोगों से मार-पीट कर उन्हें छोड़ दिया गया है। नक्सल संगठन ने कहा कि माओवादियों के साथ मुठभेड़ होने की बात मनगढ़ंत हैं। बीजापुर एसपी झूठे प्रचार का खण्डन करें। इस घटना में शामिल दोषी पुलिस अधिकारी और जवानों को कड़ी से कड़ी सजा देकर नौकरी से बर्खास्त करने, बीमार से रहे हमारे पीएलजीए साथियों को तुरंत रिहा करने व घायल ग्रामीणों का इलाज करवाने की मांग की है।

# रमजान में रोजे रखे नन्हे बच्चों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

रमजान के पाक मुक्कदस महीने में रोजे रखे दस वर्ष से कम उम्र के नन्हें बच्चों का जामा मस्जिद में सम्मान किया गया। ज्ञात हो कि माहे रमजान के महीने में इस्लामिक ग्रंथ के अनुसार हर मुस्लिम को रोजे रखने को कहा गया है और खासतौर पर इस माह को दान, त्याग, समर्पण के रूप में माना जाता है। खास बरकत वाले इस माह में मुस्लिम समाज में महीने भर रोजा रख इबादत करने के साथ तरावीह की खास नमाज अदा की जाती है। इस महीने में नन्हे बच्चे भी अपने मां-बाप के साथ रोजे रखते है और इबादत करते हैं। जिन्हें ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के तरफ से प्रोत्साहन एवं उनकी हौसला अफजाई करते हुए सम्मान किया गया। जिसमें बच्चों को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर कोण्टा जामा मस्जिद के सदर जनाब वैदुल्लाह खान साहब, हाफिज जनाब रियाज साहब, उर्दू टीचर जनाब आफक अल्लाम कुरैशी साहब, मेंबरान जनाब एमडी शरीफ खान, जनाब अब्दुल रऊफ ,जनाब जाकिर खान, जनाब शेख अहमद और अंजुमन इस्लामिक कमेटी कोण्टा के लोग मौजूद थे।

# डिवाइडर से टकराई बाइक एक की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सोमवार देर शाम आड़ावाल के करीब तेज रफ्तार बाइक के डिवाइडर से टकराने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई । मौके पर पहुंची बोधघाट पुलिस द्वारा शव पंचनामा के बाद पीएम के लिए मेकाज रवाना किया गया। वहीं घायल युवक को उपचार के लिए महारानी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

- देर शाम आड़ावाल वनवे में हुआ हादसा
- घायल को उपचार के लिए महारानी अस्पताल में किया गया भर्ती



बोधघाट थाना प्रभारी लीलाधर राठौर ने बताया कि शाम लगभग सात बजे जगदलपुर से नगरनार की ओर जा रही तेज रफ्तार केटीएम बाइक आड़ावाल मुख्य मार्ग स्थित डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार लिंगेश्वर पिता सदाराम 20 वर्ष निवासी आमागुड़ा थाना नगरनार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। राहगीरों की मदद से घायल युवक को उपचार के लिए महारानी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसे की वजह तेज रफ्तार को बताया जा रहा है जिसके चलते वाहन चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और वह डिवाईडर से जा टकराई। बोधघाट पुलिस द्वारा घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई जिसके बाद मौके पर परिजन पहुंच चुके है। वहीं बोधघाट पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना कर रही है। पीएम के बाद मंगलवार को शव परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।

**आज के समय में संविधान के प्रति जागरुकता की ज्यादा जरुरत**

# शादियों में संविधान की प्रतियां की जा रही भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

बाबा साहेब सेवा संस्था शादियों में संविधान की प्रतियां भेंट कर रहा है। लोगों को संविधान के प्रति जागरूक करने पढ़ने की सलाह भी पदाधिकारी दे रहे हैं। बाबा साहेब सेवा संस्था को ग्राम चिपावंड के कमलेश नेताम व कोंडागांव आडकाछेपडा पारा कोंडागांव के विशाल बंजारे से वैवाहिक निमंत्रण मिला। इस अवसर पर आमजन में संविधान के प्रति जागरूकता लाने के लिये एक बडी पहल आरम्भ की गई। सेवा संस्थान ने एक महती निर्णय लेते हुए एक अभिनव पहल आरम्भ की। वैवाहिक निमंत्रण मिलते ही अनेक वैवाहिक कार्यक्रमों में जाकर संस्था के पदाधिकारियों द्वारा उपस्थित होकर,



नवविवाहित जोड़ों को देश के संविधान की प्रतियां भेंट की। संविधान की प्रतियां भेंट करते समय पढ़ने की सलाह भी दी जा रही है। जिससे देश में सुशासन व समानता की स्थापना की जा सके। यही संविधान निर्माताओं का संविधान बनाते समय सपना भी था। संस्था के सरंक्षक प्रमोद भारती व अध्यक्ष मुकेश मार्कडेय ने बताया कि कहा कि अपना व अपने परिवार, अपने समाज व देशहित में अपना हक व अधिकार के बारे में जागरूक हों व अपने अधिकारों के लिये संघर्ष करें। समाज में सबका विकास करने में सहायक बनें।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में संस्था संरक्षक प्रमोद भारती अध्यक्ष मुकेश , रमेश पोयाम, देवानंद चौरे, वीरेंद्र नेताम, हितेंद्र श्रीवास, मगउ देवांगन ओमप्रकाश नाग, भुवन लाल मार्कंडेय, नरसिंह देव मांडवी, सिद्धार्थ महाजन, संजीव मार्कंडेय, संदीप वासनिकर, लक्ष्मीनारायण सोनवानी सानू मार्कंडेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

# 2 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

भैरमगढ़ एरिया कमेटी में प्रतिबंधित संगठन के दो माओवादी डीएकेएमएस सदस्य मोतीराम कुंजाम (25) निवासी बेचापाल एवं सीएनएम सदस्य राजेश ओयाम (16) निवासी बेचापाल थाना मिरतुर जिला बीजापुर ने सोमवार को पुलिस उप महानिरीक्षक दन्तेवाड़ा कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ विकास कठेरिया, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, कमाण्डेंट 231वीं वाहिनी सीआरपीएफ सुरेन्द्र सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी सीआरपीएफ मुनीष कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला एवं रामकुमार बर्मन के समक्ष डीआरजी कार्यालय दन्तेवाड़ा में आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण कराने में 231वीं



वाहिनी सीआरपीएफ का विषेश योगदान रहा। जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ भटके हुए माओवादियों से अपील की है कि हिंसा छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए निकटतम थाना अथवा कैंप में सम्पर्क करें और क्षेत्र के विकास में अपना योगदान दे। पुलिस अधीक्षक ने कहा पुनर्वास योजना के तहत 25-25 हजार प्रोत्साहन राशि एवं सभी प्रकार के लाभ प्रदाय कराया जाएगा। लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 180 इनामी सहित 801 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर व डीएफओ ने किया तेंदूपत्ता संग्रहण का निरीक्षण



**बीजापुर।** कलेक्टर अनुराग पाण्डेय, डीएफओ सामान्य वन मंडल रामा कृष्णना एवं उपनिदेशक इंद्रावती टाईगर रिजर्व संदीप बल्गा द्वारा आज धनोरा वनोपज सहकारी समिति के अन्तर्गत धनोरा फड़ अ लक्ष्य 300 मानक बोरा तथा रेंगानार फड़ लक्ष्य 400 मानक बोरा का निरीक्षण किया गया। तेंदूपत्ता संग्राहकों के द्वारा लाई गई तेंदूपत्ता की गड्डियों की जांच कर योग्य पत्तियों को लाने की समझाईश दी गई तथा तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए संधारित सर्वे पंजी, संग्राहक पंजी एवं संग्राहक कार्ड का भी निरीक्षण किया गया।

### 10वीं में दलजीत अव्वल



**जगदलपुर।** शहर के विद्या ज्योति स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्र दलजीत प्रीतसिंह बख्शी अव्वल रहे। वे पत्रकार रणजीत सिंह बख्शी के पुत्र हैं।

### आत्मानंद नानगुर का परिणाम अच्छा







**जगदलपुर।** नानगुर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल कक्षा 10वीं के छात्र प्रिंसेस दयालु, नंदिनी सेठिया, दक्ष झाड़ी, हर्षणा सेठिया, हितेंद्र सेठिया, रितेश सेठिया, सागर बघेल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्था का गौरव बढ़ाया है। कक्षा 12वीं की छात्रा संतोषी सेठिया प्रथम एवं सुमन सेठिया द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य विनोद सिंह भदौरिया ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते शुभकामनाएं दी है।

### एकलव्य विद्यालय में प्रवेश परीक्षा 18 को

**जगदलपुर।** शैक्षणिक सत्र 2023-24 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6वीं में सीधे प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। बस्तर जिले के 6 विकासखण्डों के 8 परीक्षा केन्द्रों पर 18 मई को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक होगा। निर्मल हायर सेकेण्डरी स्कूल को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर 2125 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। पात्र विद्यार्थी एकलव्य विद्यालय की वेबसाईट के माध्यम से आवेदन क्रमांक एवं मोबाईल नंबर की सहायता से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। डाउनलोड करने में किसी तरह की कठिनाई होने पर पात्र विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र हेतु अपने विकासखण्ड के मण्डल संयोजक एवं एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

## समस्या : भाटपाल के सैकड़ों ग्रामीणों ने जेई को सौपा ज्ञापन

# कई वर्षों से ग्रामीण लाइन बदलने की कर रहे मांग

### भीषण गर्मी में दो दिनों से बिजली बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर



ब्लॉक मुख्यालय बस्तर से लगे ग्राम भाटपाल में पिछले दो दिनों से बिजली बंद है। सरपंच सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण विद्युत कार्यालय बस्तर पहुंचकर विद्युत लाइन बदलने की मांग को लेकर कनिष्क यंत्री डीपी कोठारी को ज्ञापन सौपा है।

इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि कई वर्षों से विद्युत लाइन बदलने की मांग को लेकर ज्ञापन देकर समस्या को बताया जा रहा है। लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण लाइन नहीं बदला जा रहा है। बिजली के अभाव में पानी जैसे मूलभूत समस्या से जूझ रहे हैं। मोबाइल तक बंद हो चुका है। भीषण गर्मी में दो दिनों से बिजली सप्लाई बंद होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग के दफ्तर में 10 वर्षों से विद्युत लाइन बदलने की मांग लगातार ज्ञापन देकर कर रहे हैं। कई बार शिकायत के बाद भी विभाग के अधिकारियों की नींद नहीं खुल रही है। हमारे गांव के बीचो-बीच एसटीएफ कैंप में बिजली रहती है और गांव में अंधेरा छाया रहता है। दिया तले अंधेरा वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। वहीं चोकर लाईन लम्बी दूरी होने के कारण आये दिन फाल्ट रहता है। पिछले दिनों चली तेज आंधी के कारण क्षेत्र में पेड़ पौधे बिजली तारों में गिरने की वजह से बिजली सप्लाई दो दिनों से बंद है। किसानों के फसल को पानी नहीं मिलने से नुकसान होने की जानकारी दी।

सरपंच, उपसरपंच एवं ग्राम के पंच ग्राम में बैठक आयोजित कर विद्युत लाईन परिवर्तन करने प्रस्ताव पारित किया गया। पूर्व सरपंच नारायण कश्यप, अनंत कश्यप, लखेश्वर कश्यप ने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारी लाइन बदलने को लेकर गांव में पहुंचने से ग्रामीण निशुल्क ट्रैक्टर,जेसीबी गड्ढा खोदने जैसे कार्य में पूरी मदद करेंगे। लेकिन हमारी मांग विद्युत लाइन टाकरागुड़ा या लामकेर लाइन जोड़ने की पूरी करें। इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री नरेंद्र जोशी, डालेंद्र यादव, छोटूराम मार्कण्डेय, अर्जुन कश्यप सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पहुंचकर ज्ञापन सौपा। वहीं एक माह के अंदर विद्युत लाईन बदलने की प्रक्रिया का आश्वासम मिला।

> **एक माह के अंदर बदले जाएंगे**
>
> कनिष्ठ यंत्री डीपी कोठारी ने बताया कि कल थोड़ी देर के लिए लाइन चालू किया गया था मगर फिर से कहीं फाल्ट आया है। जगदलपुर से स्टाफ आकर मेंटेनेंस कार्य करके विद्युत बहाल किया जाएगा। वहीं बस्तर या लामकेर लाइन में जोड़ने की मांग ग्रामीणों ने रखी है, उसे एक माह के अंदर बदलने की प्रक्रिया की जाएगी।

## सीआरपीएफ एनजीओ के साथ मिलकर नक्सल प्रभावित गांवों के ग्रामीणों का जीत रही है विश्वास




हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

दंतेवाड़ा जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सीआरपीएफ कोलकाता के एनजीओ के साथ मिलकर सिविक एक्शन प्रोग्राम चला रही है। इसके तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को उनके जरूरत के सामानों का वितरण किया जाता है।

साथ ही ग्रामीणों को शासन के योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाता है। तो वही आज कोलकाता से आई अमरा सबाई राजा एनजीओ की संचालक मधुरिमा सेन ने सीआरपीएफ 195वीं बटालियन छिंदनार के साथ मिलकर अपने एनजीयो के माध्यम से ग्रामीणों और सुरक्षा बलों के बीच की दूरी को कम करने के लिए छिन्दनार 195वीं बटालियन सीआरपीएफ कैंप में महिला कैंपेन का आयोजन किया। इस प्रोग्राम में नारी सशक्तिकरण से लेकर नारी शिक्षा और उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। तो वही सीआरपीएफ के अधिकारियों का कहना है ऐसे कार्यक्रमों से ग्रामीणों और सुरक्षा बलों के बीच की जो दूरी है कम हो रहा है साथ ही अंदरूनी इलाकों के ग्रामीण खुलकर सुरक्षा बलों से बात कर रहे है और सुरक्षा बलों की मदद कर रहे हैं।

इस प्रोग्राम में इंद्रावती नदी पार के पाहुरनार चेरपाल, तुमरीगुंडा, छिंदनार की ग्रामीण बालिकाएं और महिलाएं शामिल हुई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में छिंदनार सीआरपीएफ 195वीं बटालियन के कमान अधिकारी राजीव कुमार और सहायक कमान अधिकारी हिमांशु लाल और अन्य सीआरपीएफ के अधिकारियों सहित पूरे कैंप के जवानों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मेला मड़ई का समापन...



**गीदम।** नगर के तीन दिवसीय मेले का सोमवार को समापन हुआ। समापन अवसर पर माई जी की डोली व ग्रामीण क्षेत्रों से आए देवी देवताओं की विधि विधान से पूजा अर्चना कर उन्हें सम्मान पूर्वक विदा किया गया। इस दौरान नगर के हारम चौक तक नगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा माई जी की डोली विदा किया गया। उसके पश्चात माई जी की डोली हारम चौक से मां दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा के लिए प्रस्थान करेगी। इस दौरान मेला मड़ई में आये पुजारी, सिरहा, गुनिया, गायता, पेरमा का उचित सम्मान भी किया गया।

# घुड़सवारी, पेंटिंग, रंगोली, मूर्तिकला, संगीत, वादन व पाक कला सीखेंगे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

- पीएम श्री विद्यालयों के ग्रीष्मकालीन समर कैंप का हुआ शुभारम्भ



गर्मी की छुट्टियों को सदुपयोग करते हुए बच्चों में निहित कौशल व प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य को लेकर कलेक्टर व जिला पंचायत सी ई ओ दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन मे सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन समर कैम्प का सोमवार को आस्था विद्या मंदिर गीदम के परिसर मे शुभारम्भ हुआ। समर कैंप का उद्घाटन कृपेंद्र तिवारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गीदम, जिला मिशन समन्वयक एस एल शोरी के द्वारा किया गया। उद्धघाटन समारोह मे खंड शिक्षा अधिकारी गीदम शेख रफीक, एपीसी राजेंद्र पांडे, कमल कर्मकार,आस्था प्राचार्य गोपाल पांडे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुश्री भवानी पुनेम, खंड श्रोत समन्वयक जितेंद्र चौहान मौजूद थे। इस समर कैम्प मे जिले के 5 पीएम श्री विद्यालयों के छात्र व छात्राए सम्मिलित हो रहे है। जो आगामी सात दिवस मे घुड़सवारी, पेंटिंग, रंगोली, मूर्तिकला, संगीत, वादन, पाक कला, सिलाई व अन्य कई विधाओं को मास्टर ट्रेनर के द्वारा सीखेंगे। मुख्य अतिथि श्री तिवारी व एस एल शोरी ने अपने सम्बोधन मे कहा कि इस समर कैम्प मे सभी बच्चे मन लगाकर व अनुशासित होकर अपने रूचि अनुसार विधा को सीखे। बच्चों मे कई प्रकार की प्रतिभा पहले से ही निहित होती है बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को पहचान कर इसे निखारने हेतु एक मंच का कार्य यह समर कैम्प करेगी। लगभग 150 बच्चे इस आवासीय समर कैम्प मे सम्मिलित हुए है जो आगामी सात दिवस तक विभिन्न प्रकार के विधा मास्टर ट्रेनर के हाथो सीखेंगे। इस उद्घाटन समारोह मे सर्व संकुल समन्वयक, शिक्षक, व मास्टर ट्रेनर, व बड़ी संख्या मे बच्चे उपस्थित थे।

## आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में लॉटरी से हुआ कक्षा में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ करपावंड




स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम के रिक्त सीटों पर सोमवार को चयन प्रक्रिया पूर्ण किया गया। गाईडलाइन के अनुसार लॉटरी निकाली गई। सबसे पहले बीपीएल से 25 प्रतिशत सीट आरक्षित किया गया जिसमें 6 बालक, 6 बालिका कुल 12 सीटों पर लॉटरी निकाली गई। इसके पश्चात शेष 38 सीट पर 19 बालक, 19 बालिका के लॉटरी निकाली गई।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, सरपंच चंपावती कश्यप, फरीश बेसरा, ओम प्रकाश गुप्ता, शामो राम कश्यप, राजेंद्र गुप्ता, शोभाराम भारती एवं पालक गण, शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। 5वीं, 6वीं, 7वीं में कुछ रिक्त सीटों पर भी लॉटरी निकाली गई। वर्तमान में 8 वीं से 12 वीं तक रिक्त सीटों पर पुनः आफलाईन आवेदन मंगाई जा रही है। इच्छुक छात्र उक्त सीटों के लिए आवेदन कर सकते हैं। सीजी एवं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट घोषित हो चुका है। छात्र हायर सेकेंडरी के लिए आवेदन कर सकते हैं। 8 वीं से 12वीं तक जितने भी छात्र-छात्राएं आवेदन कर चुके थे सभी का एडमिशन हो चुका है। हायर सेकेंडरी में साइंस, मैथ्स, कॉमर्स संचालित है। चयनित छात्रों की सूची नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया गया है। छात्र पालक अवलोकन कर सकते हैं । चयनित छात्र 20 मई तक आवश्यक दस्तावेज सुबह 8 बजे से 11 बजे तक जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि तक जमा नहीं करने की स्थिति में एडमिशन निरस्त किया जाएगा।

# प्राथमिक शालाओं के बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बादल आसना में 11 मई से 4 जून तक 25 दिवसीय समर कैंप शिविर प्रारम्भ हुआ है। जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी।

समर कैंप में पी.एम. प्राथमिक शालाओं में अध्ययनरत बच्चे शामिल होकर विभिन्न कला विषयों में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। समर कैंप में बकावंड, बास्तानार, बस्तर, दरभा, जगदलपुर, तोकापाल और लोहंडीगुड़ा विकासखण्ड के पी.एम. प्राथमिक शालाओं के कक्षा चौथी और पांचवीं के चयनित छात्र-छात्राओं द्वारा प्रशिक्षण लिया जायेगा। इन छात्र-छात्राओं को गायन, वादन, नृत्य, योग, पेंटिंग व अन्य विषयों का प्रशिक्षण संस्थान के कला विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किया जायेगा।

# आरक्षित भूमि पर अवैध निर्माण रोकने सर्व आदिवासी समाज ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोंगपाल

सर्व-आदिवासी समाज के द्वारा तोंगपाल में सार्वजनिक उपयोग एवं बस-स्टैंड निर्माण हेतु आरक्षित भूमि में अवैध निर्माण को रोकने एवं अतिक्रमण हटाने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

सर्व-आदिवासी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने आमजनों को मिल रही समस्या को देखते हुए 20 पंचायत के पदाधिकारियों की बैठक लेकर इसमें निर्णय लिया कि तोंगपाल में बस स्टैंड का अभाव, मुसाफिरों के लिए एक शौचालय भी उपयोग में नहीं और बस-स्टैंड परिसर के आसपास कब्जा किये हुए हैं। बैठक में उपस्थित रहे सर्व-आदिवासी समाज मदन नाग तोंगपाल सरपंच, हड़मा मंडावी सगुनघाट सरपंच, अर्जुन मरकाम सौतनार सरपंच, जितेंद्र मंडावी कनकापाल सरपंच, सुकुलधर सरपंच, महादेव वेट्टी ताहकवाड़ा सरपंच, लच्छु कश्यप उपाध्यक्ष कोया समाज, दिलीप मरकाम जोन अध्यक्ष, चंदन कवासी ब्लॉक सचिव, सुखमन नाग, देवा मरकाम, लक्ष्मण कोर्राम एवं सदस्यगण साथ मिलकर बैठक में निर्णय किया गया साथ ही निराकरण नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने बताया।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
Maa Ad.
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
हड्डी रोग
मस्तिष्क रोग
कार्डियोलॉजिस्ट
डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
प्लास्टिक सर्जरी
यूरोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

# भानबेड़ा अस्पताल में अव्यवस्था से ग्रामीणों में आक्रोश, एसडीएम से शिकायत

## व्यवस्था नहीं सुधरने पर ताला जड़ने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भानबेड़ा में कुछ दिनों से लगातार लापरवाही का मामला सामने आ रही है जिससे यहाँ आने वाले मरीज परेशान है। इसको लेकर सोमवार को भानबेड़ा के ग्रामीण और मरीज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर बीएमओ से शिकायत करने पहुँचे। बीएमओ प्रशिक्षण के लिए रायपुर गए थे। इसके बाद ग्रामीणों ने एसडीएम से शिकायत दर्ज कराई है। सरपंच सहित ग्रामीणों ने प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि अस्पताल का व्यवस्था नहीं सुधरी तो स्वास्थ्य केंद्र में ताला जड़ दिया जाएगा। शिकायत करने पहुँचे भानबेड़ा के सरपंच जागेश्वर नरेटी, नरेश जायसवाल, पप्पू, राम मिलन शोरी, कौशल यादव ने बताया अस्पताल की लगातार लापरवाही सामने आ रही है। व्यवस्था सुधार नहीं होने से स्वास्थ्य केंद्र में तालाबंदी की जाएगी।



**जांच कराएंगे**

स्वास्थ्य केन्द्र भानबेड़ा की समय पर उपचार नहीं मिलने की शिकायत ग्रामीणों ने किया है। इसकी जांच कराई जाएगी।

आस्था राजपूत
एसडीएम

### केस वन

भानबेड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात्रि 2 बजे भोड़यि की अंजली दीवान को प्रसव के लिए भर्ती कराया गया, इस समय नर्स थी, चिकित्सक नहीं थे। प्रसूता अंजली के पति संजय दीवान ने बताया मितानिन जमरिका टेकाम और नर्स फोन लगाए तो विवाद करने लगी, महिला तड़पती रही। स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी चिकित्सक प्रियंका भदौरिया सुबह 8 बजे पहुँची, प्रसूता की हालत खराब हो गई। भानुप्रतापपुर में ड्यूटी करने वाले चिकित्सक विजय कौशिक को प्रसूता के पति ने बुलाया। तब जाकर प्रसव हो पाया। फिलहाल जच्चा बच्चा स्वस्थ है।

### केस टू

*9 मई को शव के अंतिम संस्कार के दौरान भानबेड़ा में 10 बजे 10 से 12 लोगों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। तत्काल अस्पताल पहुँचे तो चिकित्सक नहीं मिलने से हंगामा हो गया। आयुर्वेदिक चिकित्सक जितेंद्र ठाकुर से उपचार कराया गया। प्रभारी चिकित्सक प्रियंका भदौरिया अस्पताल में साढ़े 11 बजे पहुँची। नियमित समय पर चिकित्सक नहीं होने से लोगों में आक्रोश है।*

## खबर संक्षेप

### आत्मानंद स्कूल में प्रवेश, 15 को निकाली जाएगी लॉटरी

**भानुप्रतापपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भानुप्रतापपुर में कक्षा पहली के 50 सीट व कक्षा दूसरी से 8 वीं तक की रिक्त सीटों के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे। पोर्टल में प्राप्त आवेदन के आधार पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भानुप्रतापपुर में रिक्त सीट के लिए आवेदन कक्षा पहली में 50 के लिए 65 आवेदन प्राप्त हुआ है। दूसरी के लिए 9 के लिए 23 एवं तीसरी में 2 के लिए 18, पांचवीं में 1 के लिए 17, छठवीं में 2 के लिए 44, सातवीं में 6 के लिए 16, आठवीं में 6 के लिए 14 आवेदन प्राप्त किया गया है। 15 मई को लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाएगा। जिसमें स्कूल के प्राचार्य पीआर भारतद्वाज ने पालकों से उपस्थित होने की अपील की गई है।

### आसना के सरपंच ने बच्चों को दिया प्रमाण पत्र

**जगदलपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आसना का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा नवमी में मेहुल पाण्डे 86 प्रतिशत, शिबोराम 73 प्रतिशत, शैलेन्द्री तथा यशोदा 66 प्रतिशत, सुखन्ति 74 प्रतिशत, हेमो बघेल 72 प्रतिशत के साथ प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे। ग्यारहवीं में कला संकाय में पूनम कश्यप प्रथम, सुनैना द्वितीय, सागर तृतीय स्थान, वाणिज्य संकाय में तनुश्री बघेल प्रथम, रेखा सूर्या द्वितीय, विकास नाग तृतीय, विज्ञान समूह में शीतल पाण्डे प्रथम, बैदूराम द्वितीय, संजना तृतीय स्थान प्राप्त किए। कृषि संकाय में राधे मोहन बघेल प्रथम, गुलशन नाथ द्वितीय, कुशल कश्यप तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा नवमीं का परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत और ग्यारहवीं का 100 प्रतिशत रहा। सरपंच आसना प्रवीर देहारी की अध्यक्षता में परीक्षा परिणाम जारी किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य रमेश उपाध्याय ने सफल बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। तथा जिनके परिणाम अच्छे नहीं रहे उन्हें निराश न होकर पुनः प्रयास करने मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं पालकगण उपस्थित थे।

### जावेद तीसरी बार भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता चयनित

**जगदलपुर।** भारतीय युवा कांग्रेस ने जावेद को लगातार



चौथे वर्ष के लिए राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश के वाराणसी संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के मैनिफेस्टो न्याय-पत्र के कैंपेनर हैं। जावेद ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत राष्ट्रीय नेताओं का आभार माना है।

## मनमानी : मामला वार्ड क्रमांक 10 का, निस्तारी और आवागमन में परेशानी

# रास्ता व बोरिंग से अतिक्रमण हटाने की पीड़िता ने कलेक्टर से की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



अतिक्रमण करने वालो ने वार्ड क्रमांक 10 में निस्तारी रास्ता एवं नलकुप बोर पंप पर अतिक्रमण करके रास्ता को रोक दिया गया, जिससे मुहल्लेवासी परेशान हो रहे है। कलेक्टर से शिकायत कर समस्या के निराकरण के लिए माँग किया है।

कलेक्टर से शिकायत करने वाली वार्ड क्रमांक 11 सुभाष चंद्र बोस निवासी विद्या तिवारी पति विजय तिवारी ने शिकायत पत्र में लिखा है कि मैं वर्षो से इस वार्ड में रह रही हूँ और भवन जर्जर होने के कारण पुनः निर्माण के लिए पुराने भवन को तोड़ा गया है, जिसका मलबा पड़ा हुआ है, जिसे हटाने में पड़ोस में अतिक्रमणकारियो द्वारा वर्षो से निस्तारी मार्ग को बाधित कर विवाद का रोका गया। उक्त आबादी प्लाट क्रमांक 10 मेरे नाम से वर्ष 2016-17 की सूची में अंकित है। उक्त मार्ग को निस्तारी करते 56 वर्ष हो गए, जो कि 7 फीट चौडा एवं निस्तारी नलकूप बोर पंप भी उसी मार्ग से लगा हुआ है, उसे भी अतिक्रमणकारियो द्वारा दिवाल उठाकर अपने कब्जे मे ले लिया गया है। निस्तारी मार्ग को बाधितकर्ता द्वारा निर्माण कार्यो मे बाधा पहुचाते हुए गाली देते हुए मार्ग में बाउड्रीवाल किया जा रहा हैं, जिसकी शिकायत पुलिस थाना चारामा मे 15 अप्रैल को किया गया था, उसके उपरांत एसडीएम के जांच आदेश पर 24 अप्रैल को राजस्व निरक्षक एवं पटवारी द्वारा मौका निरक्षण के दौरान उनकी उपस्थिति में अतिक्रमणकारी प्रकाश तिवारी, विकास तिवारी एवं हेमनारायण तिवारी सहित प्रायोजित ढंग से किराएदार युगल ख़त्री व पूर्णिमा देवांगन द्वारा मेरे भूमि कार्य को क्रय करने के उद्देश्य से अतिक्रमणकारियों को उकसाकर मुझे परेशान किया गया हैं। मुझे और मेरे पति को जान से मारने की धमकी राजस्व अमला के सामने दिया गया, जिसकी शिकायत पुलिस थाना चारामा में किया गया है।

हम लोगों को निस्तारी मार्ग को उपयोग करने से रोका जा रहा है। मेरे अधिकार क्षेत्र से दिवाल से लगा हुआ बहुत पुराना सुखा कटहल का वृक्ष था, जिसके कारण मेरा घर पुर्ण रूप से जर्जर हो गया हैं। दीवाल को तोड़ते समय कटहल का वृक्ष भी धराशाही हो गया, जिसे अतिक्रमणकारियो द्वारा अपना बताकर झूठी शिकायत की गई। मेरा निर्माण कार्य बाधित हो रहा हैं, जिसके कारण मुझे मानसिक एवं आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा हैं।

## आरक्षक की बाइक सेलून के सामने से पार, तलाश के 15 दिन बाद की रिपोर्ट




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ परिचत की बाइक पर आया था बाल कटाने और हो गई चोरी

शादी में शामिल होने आएं आरक्षक बाल कटवाने के लिए परिचित की मोटर सायकल लेकर चारामा गया। सैलून के सामने मोटर सायकल रखकर बाल कटवाने लगा और बाल कटवाकर बाहर निकला, तब तक मोटर सायकल गायब हो गई। आरक्षक ने 15 दिनों तक मोटर सायकल की तलाश किया और मोटर सायकल नहीं मिलने पर चारामा थाना में अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया।

चारामा थाना में चोरी की शिकायत करने पहुंचे धमतरी जिला के ग्राम चमेदा निवासी अजय कुमार कोर्राम पिता स्व. भानुराम कोर्राम ने पुलिस को बताया कि 27 अप्रैल को अपने साला की शादी में सम्मिलित होने के लिए पुलिस कैंप तरांदुल से अपने सहकर्मी कौशल कुमार नेताम के मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 05 एन 9094 में सवार होकर निकला था और करीबन 12 बजें चारामा पहुंचा। चारामा में थाना से लगभग 50 मीटर की दूरी पर मोटर सायकल को पार्क करके बाल कटाने सैलून में चला गया। बाल कटवाकर मोटर सायकल के पास आया, वहाँ पर मोटर साकयल नहीं थी। मोटर सायकल के बारे में आसपास के दुकान वालो से पूछताछ किया लेकिन किसी प्रकार की जानकारी नहीं मिल पाया। मोटर सायकल के बारे में जिसकी मोटर सायकल थी, उससे और रिश्तेदारों से पतासाजी किया गया। मोटर सायकल की 15 दिनों तक पतासाजी किया गया और मोटर सायकल नहीं मिलने पर 12 मई को चारामा थाना में लिखित में शिकायत दिया गया।

चारामा पुलिस ने आरक्षक की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 379 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि मोटर सायकल की कीमत लगभग 25 हजार रूपएं है।

## मां-बेटे के बीच मामूली विवाद का मामला पहुंचा थाने, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ नारियल तोड़ने की बात पर पुत्र इंद्रदेव और बहू विभा शर्मा से हुआ विवाद और मारपीट




कांकेर थानांतर्गत अन्नपूर्णापारा में नारियल तोड़ने की बात को लेकर मां और बेटे के बीच विवाद हो गया। बातो ही बातो में मामला आगे बढ़ गया और मां-बेटे दोनो कांकेर थाना पहुंच गए। दोनो ने एक दूसरे के खिलाफ गाली देने व मारपीट करने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनो की शिकायत पर एक दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

थाना में शिकायत करने पहुँची अन्नपूर्णापारा कांकेर निवासी 72 वर्षीय राधिका शर्मा पति स्व. रमाकांत शर्मा ने पुलिस को बताया कि 13 मई की सुबह सवा 11 बजे मै अपने घर का नारियल तोड़ रही थी। नारियल तोड़ने के बात पर मेरा छोटा लड़का इन्द्रदेव शर्मा और उनकी पत्नी विभा शर्मा वाद विवाद करने लगे। वाद विवाद करने से मना करने पर गाली देते हुए दोनो ने हाथ थप्पड़ से मारपीट किया, जिससे मेरे घुटने के नीचे सूज गया है। मेरी बेटी रीता तिवारी बीच बचाव करने आई तो उसके साथ भी मारपीट किया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बेटे बहू के खिलाफ धारा 294, 323, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

दूसरे पक्ष से अन्नपूर्णापारा कांकेर निवासी 52 वर्षीय इंद्रदेव शर्मा पिता स्व. रमाकांत शर्मा ने पुलिस को बताया कि अपने पिता के पैतृक सम्पति में रहता हूं, जहां पर मेरी मां और बड़ा भाई भी अपने परिवार के साथ अलग-अलग रहते है। मेरी मॉ 13 मई की सुबह पौने 11 बजे घर का नारियल तोड़ रही थी। तब मै अपनी मां को दो तीन नारियल दे दो बोला। नारियल देने की बात को लेकर मां मुझे गाली देते हुए विवाद करने लगी। उसी समय मेरी पत्नी वहां पर आ गई, तब हम दोनो वाद विवाद करने से मना किए। उसी समय मेरी बहन रीता शर्मा भी वहां पर आई और दोनो मुझे हाथ थप्पड़ से मारने लगे। मारपीट को देखकर मेरी पत्नी विभा शर्मा बीच बचाव करने आई तो मेरी मां और बहन दोनो मिलकर हाथ मुक्का से मारपीट किए है। मारपीट करने से मेरे दाहिने बांह, गाल, सीना और मेरी पत्नी के सिर व गर्दन में चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## अस्पताल के मातृ व शिशु रोग विभाग में मनाया नर्स दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मातृ एवं शिशु रोग विभाग अस्पताल में 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस नर्सिंग स्टाफ के द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गया, जिसमें सभी नर्सिंग सिस्टर व नर्स ने हिस्सा लेकर अपनी प्रस्तुती दिया। नर्स डे के अवसर पर विविध आयोजन किया गया। अस्पताल परिसर में सुंदर रंगोलिया बनाई गई थी। इस मौके पर हेमलता सिरो, निलेन्द्री कश्यप ने नृत्य व कीर्ति ने गित प्रस्तुत किया। इसके पश्चात क्वीज प्रतियोगिता आयोजित किया गया।कार्यक्रम के अवसर पर मुख्यअतिथि के रूप में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.एमएल गर्ग ने कहा कि स्टाफ नर्स अपनी सेवा से सर्वोच्च दिशा की ओर ले जाती है। सेवा भाव में कई तरह का कार्य होता है। मरीज की सेवा के लिए स्टाफ नर्स रात-दिन जुटी रहती है, उनके ठीक होने पर उनके चेहरा में अलग ही मुस्कान होती है। मरीज के ईलाज के लिए स्टाफ नर्स में मुस्कान होना भी जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू रानी एक्का ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं का जो हृदय जो होती है, वह नर्स है। अस्पताल में नर्सिंग सिस्टर व नर्स ही पूरी व्यवस्था को संभाल कर रखती है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मेट्रन पुष्पलता कवाची ने कहा कि इस ऐतिहासिक पल को संजोने व विश्व की पहली नर्स फलोरेंस नाईटिंगेल को मानव का उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा के लिए उनके पेशेवर नर्सिंग सेवा, कर्तव्यनिष्ठा, समाजसेवी गुण ने नर्सिंग केडर को गौरान्वित किया है। ऐसे प्रेरणा स्त्रोत नर्स की जन्मदिवस को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में एमसीएच के प्रभारी मेट्रन चन्द्रलता साहू ने सभी को नर्स दिवस की बधाई दी। नर्सिंग सिस्टर शबीबा डहरिया ने नर्स डे मनाए जाने पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया।

कार्यक्रम के दौरान डिलेश्वरी ठाकुर, पूजा कौशल, डॉ.सुमन नाग, डॉ. सीमा सिंग, डॉ. पीयूशा भास्कर, डॉ.संध्या ठाकुर, डॉ. अपूर्वा रंगारे, डॉ.दीपिका ठाकुर, नर्सिंग सिस्टर कल्पना ठाकुर, मंजू आर्य, संतोषी वर्मा, देहुति,सुशीला यदुराज, हेमलता ठाकुर, हेमलता साहू, रत्ना तिवारी, दीपमाला कुर्रे, प्रमिला साहू सहित अस्पताल के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

## घाटकवाली में ग्राम देवी जलनी माता का जात्रा मेला आज और कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जिला मुख्यालय से 12 किमी दूर बस्तर विकासखण्ड के ग्राम घाटकवाली में ग्राम देवी जलनी माता की वार्षिक दो दिवसीय देवी बाजार जात्रा 14 एवं 15 मई को होगा। ग्राम देवी बाजार मेला में ग्राम घाटकवाली सहित आस-पास के दर्जनों गांवों के देवी देवता शामिल होंगे। जिसमें ग्राम देवी के साथ मेले में शामिल होने आये सभी देवताओं की विशेष पूजा अर्चना कर गांव की सुख-समृद्धि के लिये कामना की जाएगी। 14 मई को ग्राम देवी-देवताओं का विशेष श्रृंगार कर बाजार मेले में भ्रमण कराया जाएगा और मंदिर में विशेष पूजा एवं अनुष्ठान की जायेगी। 15 मई को दोपहर में मान्यता के अनुसार बकरे, बतख, मुर्गी की बली दी जायेगी जिसे देवी जात्रा विधान कहते हैं। जात्रा विधान के बाद तीसरे दिन मेले में आये हुये सभी देवी-देवताओं को विदाई दी जायेगी। देवी विदाई के साथ वार्षिक मेला संपन्न होगी। इस दौरान ग्राम बाजार मेला कार्यक्रम में मुख्य रूप से गांव के सिरहा, पूजारी, मांझी, नाईक, पटेल, सेवादार, सरपंच, पंच, सचिव सहित ग्रामीण उपस्थित रहेंगे। ग्राम बाजार मेले में रात्रिकालीन बस्तरिया ओड़िया नाटक का भी आयोजन किया जाएगा जो मंगलवार की रात को होगी जिसमें मेले में आये सभी लोग नाटक का आनंद ले सकते हैं।

## सर्पदंश से महिला की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत हिमोड़ा निवासी 43 वर्षीय देवबत्ती नाग पति सुरेंद्र को साप ने काट लिया था। ईलाज के लिए जिला अस्पताल लाने पर ईलाज के दौरान उसकी 14 मार्च को दोपहर लगभग 3 बजें मौत हो गया। कांकेर थाना में शुन्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी अंतागढ़ थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

## एकलव्य स्कूल में छठवीं की चयन परीक्षा 18 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ प्रवेश पत्र जारी, 2 646 आवेदनों में 2469 आवेदक पात्र

जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 18 मई दिन शनिवार को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12 बजे तक किया जाएगा।

आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त के अनुसार एकलव्य आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा के लिए 02 हजार 646 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें 02 हजार 469 विद्यार्थियों के आवेदन पत्र पात्र तथा 177 विद्यार्थियों के आवेदन पत्र अपात्र पाए गए। आयोजित चयन परीक्षा के लिए जिले में 12 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें पं. विष्णुप्रसाद शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविन्दपुर, शासकीय प्रेक्टीसिंग कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारामा, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारामा, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल नरहरपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानुप्रतापपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सम्बलपुर विकासखण्ड भानुप्रतापपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गूकोंदल, शासकीय बालक माध्यमिक शाला दुर्गूकोंदल, शासकीय कन्या माध्यमिक शाला दुर्गूकोंदल, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंतागढ़ और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अंतागढ़ शामिल है।

एकलव्य विद्यालय में प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र विभागीय वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉंट एकलव्य डॉंट सीजी डॉंट एनआईसी डॉंट इन से डाउनलोड किया जा सकता है।




पाठक सूचना
कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

